<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–02 जून 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उपराष्ट्रपति ने आगरा में महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान दो हजार पचीस के अन्तर्गत आयोजित संगोष्ठी में लिया हिस्सा, कहा–हमारे लिए प्रेरणा की मूर्ति हैं वीरागंना अहिल्या बाई होल्कर।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मेरठ के किसानों से किया संवाद, कहा–देश के विकास में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान।
- पदभार संभालने के बाद कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात, राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- अयोध्या में कल से शुरू होगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, पूर्व संध्या पर आज प्रायश्चित पूजा और मंगलयात्रा का होगा आयोजन।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल आगरा में महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान–2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वीरांगना अहिल्या बाई होल्कर हमारे लिए प्रेरणा की मूर्ति हैं।

**लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की तीनसवीं जयंती एक तारीख नहीं है एक ऐतिहासिक घटना नहीं है। ये हम सबके लिए जीवन दर्शन है। हमें संकल्प लेना पड़ेगा कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे उस कठिन समय में वह महान परंपरा की प्रतिनिधि थी जहां धर्म, संस्कृति और शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं।**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूरदर्शी हैं और काम में विश्वास रखते हैं, उन्होंने जो कार्य किया है, उसे आने वाली पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की छवि को मुख्यमंत्री ने बदल दिया है।

**मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की कायापलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या और सभी जगह मथुरा सहित यह काम होगा। आने वाली पीढ़िया मुख्यमंत्री के इस काम को उसी तरीके से स्मरण करेंगी। जिस तरीके से हम आज लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को याद रखते है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई का विराट व्यक्तित्व और कृतित्व हम सब को एक नई प्रेरणा और प्रकाश प्रदान कर रहा है।

**उन्होंने जो कुछ भी उस कालखंड में किया महिला सशक्तिकरण करने के लिए हस्तशिल्पी और कारीगरों के लिए अन्नदाता किसानों के लिए। युवा शक्ति के लिए सुरक्षा के लिए और भारत की विरासत को बचाने के लिए वह अविस्मरणीय है अभिनंदनीय है। डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उन सभी कार्यक्रमों को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।**

कार्यक्रम संयोजक केन्द्रीय मंत्री और आगरा के सांसद प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित किया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉक्टर सुदेश धनखड़ और महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति प्रोफेसर रामशंकरराव शिंदे सहित कई अन्य मंत्री और सांसद भी मौजूद रहे।

**********

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कल मेरठ जिले के दबथुआ और जंगेठी गांव में किसानों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि देश के विकास में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है।

**विकसित भारत के लिए खेती भी विकसित हो और किसान भी समृद्ध हों, प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य किसानों का उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, 20,170 टीम ये 29 मई से 12 जून के बीच गांव–गांव जाएगी। एक गांव में 5–7–8 गांव के लोग आएंगे। ये फसलें देखेंगी, ये किसान से बात करेंगी और बात करके जो नई तकनीक है उसकी जानकारी देंगी।**

इस अवसर पर दबथुआ गांव में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने विकसित कृषि संकल्प अभियान को प्रदेश की कृषि के विकास के लिए बहुत उपयोगी बताया। वहीं, चीनी उद्योग और गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी और कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने बताया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक डॉक्टर मांगी लाल जाट ने भी किसानों को सम्बोधित किया।

संवाद के दौरान मेरठ के किसान विनोद सैनी ने कहा कि विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान से किसानों को कृषि कार्य में बड़ा लाभ मिलेगा।

**विकसित कृषि अभियान संकल्प यात्रा जो चल रही है वो किसानों के लिए एक लाभकारी यात्रा अभियान सिद्ध होगा। किसान अपनी बात वैज्ञानिकों, मंत्रियों और शासन प्रशासन दोनों तक पहुँचा पाएगा जिससे किसानों को अपनी समस्याएं रूबरू रखने का लाभ मिलेगा और ये एक अच्छा अभियान जो है किसानों के लिए सार्थक सिद्ध होगा।**

**********

ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवाद के खिलाफ भारत का सैद्धांतिक और दृढ़ रुख स्पष्ट करने के लिए, संसद सदस्यों के सात सर्वदलीय शिष्टमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर हैं। इसी क्रम में शशि थरूर के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल कल ब्राजील के ब्रासीलिया पहुंचा। वहीं, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल लाइबेरिया में है। भारतीय जनता पार्टी सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल लंदन पहुंचा। श्री प्रसाद ने कहा कि हम आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष मजबूती से रखेंगे।

**लंदन पहुंच गए हैं, तीन देशों की हमारी यात्रा अच्छी रही। फ्रांस, इटली और फिर डेनमार्क की। आतंकवाद के मामले पर भारत का पक्ष हम प्रभावी रूप से यहां भी रखेंगे और जैसा हमने बाकी जगह वहां के लोगों का समर्थन मिला है। वही समर्थन इंग्लैंड में भी मिलेगा। हमें पूरा विश्वास है।**

**********

पदभार संभालने के बाद कल प्रदेश के कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। डीजीपी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये कहा कि वह राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग और कानून व्यवस्था की उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**********

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में नवनिर्मित देवालयों के देव विग्रहों में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर आज अयोध्या में प्रायश्चित कर्म पूजा होगी। साथ ही सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पवित्र सरयू नदी का जल कलश में लेकर मांगलिक यात्रा में शामिल होंगी। यह यात्रा सरयू तट से चल कर यज्ञमंडप तक पहुंचेगी। महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रंखला में कल सुबह साढ़े छह बजे से अनुष्ठान विधि शुरू हो जाएगी। इस बीच, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में स्वर्णिम मंदिर भी बन कर तैयार हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अयोध्या में उत्तर भारत के सबसे अलौकिक स्वर्णिम मंदिर को बनाया गया है।

**********

मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कल विधानसभा सचिवालय ने रद्द कर दी। सचिवालय ने निर्वाचन आयोग को मऊ विधानसभा सीट रिक्त होने की भी सूचना भेज दी है।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने लखनऊ में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपचुनाव कराने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।

एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा अब्बास अंसारी को सजा फैसले के बाद सचिवालय ने यह कार्रवाई की है।

**********

राजभवन में कल से ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में विशेष योगाभ्यास सत्र की शुरूआत की गई। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। यह योगाभ्यास सत्र प्रतिदिन प्रातः सात बजे से बीस जून तक राजभवन के लॉन में आयोजित किया जाएगा।

**********

चित्रकूट जिले के रैपुरा थानाक्षेत्र में बांधी गांव के पास झांसी मिर्जापुर हाईवे पर बारातियों से भरी पिक अप और डीसीएम की कल दिन में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हैं। यह हादसा तब हुआ जब मऊ के तरफ से आ रहे पिक अप और प्रयागराज की ओर से जा रहे डीसीएम में आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोगों की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल आंधी के साथ हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हापुड़ जिले में तेज आंधी के कारण एक पोल गिरने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। चित्रकूट जिले के कई इलाकों में हुई छिटपुट बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली। अमरोहा जिले में आंधी आने और उसके बाद बादल घिरने से कल शाम मौसम सुहावना हो गया। मौसम विज्ञान विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच जून तक, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में चार जून तक कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा की संभावना जताई है।

**********